नईदुनिया संजय चौहान 9406689018

# अधिकारियों और प्रधान पाठक का किया सम्मान



उमाशंकर द्विवेदी, प्रदीप चौरे को सेवानिवृत्ति पर विदाई देते अधिकारी-कर्मचारी। ● सौजन्य

नईदुनिया न्यूज, नेपानगर : मंगलवार को नेपा लिमिटेड के दो अधिकारियों और शासकीय हाई स्कूल पलासुर के प्रधान पाठक गया प्रसाद दुबे को सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। इस दौरान विजय नाइके, एसके भारद्वाज, सुरेन्द्र चौधरी, दीपेश जाधव, भावना चौधरी, रेखा पालवे आदि उपस्थित थे। इसी प्रकार नेपा लिमिटेड के सेवानिवृत होने पर वरिष्ठ अधिकारी उमाशंकर द्विवेदी और प्रदीप चौरे का संदीप ठाकरे सहित विभागीय अधिकारियों ने सम्मान किया।

# नेपा लिमिटेड में सेवानिवृत्त होने पर प्रशासनिक भवन में आयोजित विदाई समारोह




दैनिक खबरों की रोशनी जिला ब्यूरो चीफ रविंद्र इंगले। बुरहानपुर/नेपानगर।केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में उमाशंकर द्विवेदी,रिष्ठ अधिकारी(सामान्य प्रशासन)एवं प्रदीप चौरे सहायक अधिकारी(वित्त एवं लेखा विभाग)को अपनी दीर्घकालिक सेवाओं से सेवानिवृत्त होने पर प्रशासनिक भवन में आयोजित विदाई समारोह में नेपा लिमिटेड परिवार द्वारा मंगलकामनाएं प्रेषित की गईं।

दैनिक भास्कर बुरहानपुर 01-01-2025

# मिल में पदस्थ उमाशंकर द्विवेदी और प्रदीप चौरे सेवानिवृत्त



नेपानगर | केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में पदस्थ वरिष्ठ अधिकारी सामान्य प्रशासन उमाशंकर द्विवेदी, सहायक अधिकारी वित्त व लेखा विभाग प्रदीप चौरे मंगलवार को सेवानिवृत्त हुए। स्टाफ द्वारा प्रशासनिक भवन में उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया। अफसर, कर्मचारियों ने उनका स्वागत कर विदाई दी।